**खबर संक्षेप**

## दुष्कर्म के मुख्य आरोपी सहित तीन गिरफ्तार

**शहडोल।** जिले की पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दुष्कर्म के एक गंभीर मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई थाना सीधी क्षेत्रांतर्गत दर्ज प्रकरण के तहत की गई। पुलिस के अनुसार, कुछ दिन पूर्व दर्ज गुम इंसान प्रकरण में पीड़िता को 16 अक्टूबर को सकुशल बरामद कर परिजनों के सुपुर्द किया गया। पूछताछ के दौरान पीड़िता ने बताया कि उसकी पड़ोसन ने उसे बहला-फुसलाकर बाजार ले जाने के बहाने आरोपी संतोष रैदास के संपर्क में पहुंचाया। आरोपी ने उसे अपने ऑटो में बैठाकर ग्राम सगरा स्थित अपने घर ले जाकर जबरन शारीरिक संबंध बनाए।घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तत्परता से कार्रवाई की और संतोष रैदास पिता ईश्वरदीन रैदास उम्र 30 वर्ष, मनोहर रैदास पिता ईश्वरदीन रैदास उम्र 33 वर्ष निवासी सगरा तथा रानी रैदास उम्र 20 वर्ष निवासी ग्राम मीठी को गिरफ्तार किया। तीनों आरोपियों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की संबंधित धाराओं के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। गिरफ्तार आरोपियों को माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। पुलिस ने बताया कि महिला की पहचान गोपनीय रखी गई है और उसके संरक्षण के लिए आवश्यक कदम उठाए गए हैं।

# सनातन धर्म की रक्षा या नौकरशाही का तमाशा?

## सोशल मीडिया पर आंदोलन की हवा निकाल दी





**शहडोल।** जिले में 3 अक्टूबर को बुढ़ार थाना अंतर्गत केशवाही चौकी क्षेत्र में दुर्गा प्रतिमा विसर्जन जुलूस के दौरान महिलाओं पर हुए पथराव ने पूरे जिले का माहौल गर्म कर दिया। मामला अब तक ठंडा नहीं हुआ, जबकि घटना को 10 दिन से अधिक समय बीत चुका है। सोशल मीडिया पर पथराव का वीडियो और इसके बाद पुलिस की कथित बर्बरता की वीडियो वायरल होने से जनता और संगठनों में आक्रोश की आग और भड़की। हिंदू संगठनों ने इस घटना को सनातन धर्म पर कुठाराघात मानते हुए आरोप लगाया कि यह जानबूझकर किया गया और कुछ विशेष धर्म के लोग सनातनियों को निशाना बना रहे थे। विश्व हिंदू परिषद, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, बजरंग दल और दर्जनों हिंदू रक्षा व जन जागरण संगठन सक्रिय हुए। पुलिस लगातार कटघरे में रही। पुलिस अधीक्षक ने कुछ कर्मियों पर कार्रवाई की, लेकिन जिन लोगों को गिरफ्तार किया गया, वे प्राथमिक सूचना रिपोर्ट में दर्ज नहीं थे।

### धर्म का ढोल पीटने वाले मौन

10 अक्टूबर को शहडोल में अब तक का सबसे बड़ा आंदोलन हुआ। भाजपा की सत्ता में बैठे तीनों विधायक, नगरीय निकायों और पंचायत के जनप्रतिनिधि सडक़ पर उतर आए। उन्होंने कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक के खिलाफ जमकर 'हाय-हाय' के नारे लगाए। प्रशासन की निष्पक्षता पर सवाल खड़े किए। यह दृश्य शहडोल और आस-पास के जिलों में शायद पहली बार देखा गया, जब सत्ता और संगठन एकजुट होकर नौकरशाही के खिलाफ खड़े हुए, लेकिन, यह 'क्रांति' हवा में ही रह गई। सोशल मीडिया पर वायरल पोस्ट और लाइव वीडियो धीरे-धीरे डिलीट किए जाने लगे। सनातन धर्म का ढोल पीटने वाले अब मौन हैं। नौकरशाही की चतुराई ने आंदोलन की हवा निकाल दी। कलेक्टर और पुलिस



अधीक्षक के खिलाफ नारेबाजी के बावजूद थाने और चौकी स्तर के अधिकारियों पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई।

### घमंड की खुली तस्वीर

विश्लेषकों का कहना है कि यह मामला केवल धार्मिक विवाद नहीं, बल्कि सत्ता संघर्ष, संगठनात्मक नाटकीय राजनीति और नौकरशाही की घमंड की खुली तस्वीर है। जनप्रतिनिधियों और हिंदू संगठन भले ही सडक़ पर उतरे, लेकिन प्रशासन ने दिखा दिया कि वह केवल सत्ता के आगे झुकता है। केशवाही की यह घटना अब सिर्फ



पथराव का मामला नहीं रही, बल्कि प्रशासन, नौकरशाही और राजनीतिक सत्ता के बीच चल रहे खेल की ज्वलंत तस्वीर बन गई है। जनता और हिंदू संगठनों ने सवाल उठाया कि आखिर सत्ता और नौकरशाही की कठपुतली बनकर बैठे अधिकारी कब तक आस्थाओं और संवेदनाओं को ठेंगा दिखाते रहेंगे।

### नौकरशाही सत्ता और संगठन पर हावी

सनातन धर्म के ढोल पीटने वाले आज चुप हैं, प्रशासन और नौकरशाही खुश हैं, लेकिन जनता और सोशल मीडिया की नजरें अब भी



ताले पर हैं। यह मामला प्रशासन की निष्पक्षता, संगठन की राजनीति और सत्ता की सच्चाई को उजागर करता है। यह पूरा घटनाक्रम साफ कर देता है कि शहडोल की नौकरशाही सत्ता और संगठन के ऊपर हावी है और प्रशासन की दिखावटी 'सख्ती' केवल प्रचार तक सीमित है। सनातन धर्म की रक्षा का दावा करने वाले संगठन और उनके नेता, जब वास्तविक चुनौती आई, तो पीछे हट गए और सोशल मीडिया के पोस्ट डिलीट कर अपने आंदोलन को खुद खत्म कर दिया।

# जहरीली कफ सिरप से मासूमों की मौत पर कांग्रेस का मौन धरना

## सरकार की लापरवाही पर भड़के अजय अवस्थी, मांगा 50 लाख मुआवजा

**शहडोल।** छिंदवाड़ा जिले के परसिया में जहरीली कफ सिरप से 25 मासूम बच्चों की मौत के विरोध में जिला कांग्रेस कमेटी शहडोल ने जिला चिकित्सालय परिसर के सामने मौन धरना-प्रदर्शन किया। कांग्रेस जिलाध्यक्ष अजय अवस्थी के नेतृत्व में आयोजित इस धरने में कांग्रेसजनों ने दिवंगत बच्चों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए शोक संवेदना व्यक्त की।
इस मौके पर अजय अवस्थी ने मृत बच्चों के परिजनों को प्रत्येक को 50 लाख रुपए मुआवजा देने की मांग की। उन्होंने कहा कि अमानक दवाइयां बेचकर दवा कंपनियां मुनाफे के लालच में लोगों की जान से खिलवाड़ कर रही हैं और




सरकार उनकी सरपरस्ती में चुपचाप तमाशा देख रही है। अवस्थी ने प्रदेश सरकार और स्वास्थ्य विभाग को इस त्रासदी का जिम्मेदार ठहराते हुए कहा कि अब तक जांच रिपोर्ट सार्वजनिक नहीं की गई और दोषियों पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने उपमुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री राजेंद्र शुक्ला, विभागीय प्रमुख सचिव संदीप यादव, ड्रग कंट्रोलर दिनेश कुमार मौर्य और डिप्टी ड्रग कंट्रोलर शोभित कोस्टा के इस्तीफे की मांग की। उन्होंने सवाल उठाया कि जब 25 मासूमों की जान जा चुकी है, तब भी सरकार चुप क्यों है? जांच रिपोर्ट में देरी क्यों की जा रही है?मौन धरना समाप्त होने के बाद अजय अवस्थी और नगरपालिका अध्यक्ष घनश्याम जायसवाल ने जिला चिकित्सालय पहुंचकर मरीजों से मुलाकात की और अस्पताल की अव्यवस्थाओं पर नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि जब स्वास्थ्य मंत्री के प्रभार वाले जिले में ही व्यवस्था चरमरा गई है, तो पूरे प्रदेश की हालत का अंदाजा लगाना कठिन नहीं है।धरना प्रदर्शन में सुभाष गुप्ता, नीरज द्विवेदी, मुबारक मास्टर, कुलदीप निगम, सुनील खरे, रामनरेश तिवारी, पीयूष शुक्ला, प्रभात पांडेय, अनुज मिश्रा, प्रीतेश द्विवेदी, राजीव शर्मा, आशीष तिवारी, सौरभ तिवारी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन शामिल हुए। कांग्रेस ने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने शीघ्र कार्रवाई नहीं की, तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा।

# शहडोल में खाद्य निरीक्षण या त्योहारी जुगाड़? जनता ने उठाए सवाल

**शहडोल।** दीपावली के अवसर पर खाद्य एवं औषधि विभाग के निरीक्षक आर.के. सोनी ने जयसिंहनगर और ब्यौहारी क्षेत्र के विभिन्न प्रतिष्ठानों जैसे बीकानेर स्वीट्स, अमन डेरी, अजय स्वीट्स आदि में निरीक्षण और सैंपलिंग की कार्रवाई की। यह जानकारी कलेक्टर कार्यालय के फेसबुक पेज पर पोस्ट की गई, लेकिन जैसे ही यह सूचना सोशल मीडिया पर आई, जनता और जनप्रतिनिधियों ने कमेंट बॉक्स को आलोचना के तूफान में बदल दिया। अधिकांश टिप्पणियों का केंद्र बिंदु था,त्योहारी वसूली चालू, रिपोर्ट कभी आती नहीं, फिर सोनी जी गायब। कई लोगों ने आरोप लगाया कि निरीक्षण सिर्फ दिखावा है और मिलावटखोरी पर कभी सख्ती नहीं होती।एक यूजर ने व्यंग्य करते हुए लिखा, सोनी जी फिर एक साल बाद नजर आएंगे, तो दूसरे ने कहा, दीपावली का जुगाड़ कर रहे हैं, उसके बाद सालभर आराम। सोशल मीडिया पर सैकड़ों टिप्पणियों में यह स्पष्ट हो गया कि जनता खाद्य निरीक्षण विभाग और अधिकारी पर भरोसा खो चुकी है। लोकप्रिय शिकायत यह थी कि शहर में दूध 60-70 रुपये प्रति लीटर बिक रहा है, जिसमें पानी इतना है कि चाय तक नहीं




बन पाती, लेकिन विभाग ने अब तक कोई कार्रवाई नहीं की। जनता ने मांग की कि डेयरी और मिठाई दुकानों के सैंपल हर महीने लिए जाएं और दोषियों को कठोर दंड दिया जाए। कुछ टिप्पणियों में सीधे आरोप लगाए गए कि सोनी जी त्योहारी मिलावट निरीक्षण के नाम पर दुकानदारों से अवैध वसूली करते हैं और कलेक्टर तक को भ्रमित करते हैं। फेसबुक पोस्ट पर सवाल उठाया गया कि क्या जनसंपर्क विभाग की यह पोस्ट पारदर्शिता दिखाने के लिए थी या जनता को आलोचना का अवसर देने के लिए?विशेषज्ञ और नागरिक दोनों का मत है कि अगर यही सिलसिला चलता रहा, तो त्योहारी निरीक्षण केवल रस्म बनकर रह जाएगा। मिलावटखोरी और अवैध वसूली की यह जुगाड़-प्रथा हर साल दोहराई जाएगी और जनता के सवालों का जवाब सिर्फ सोशल मीडिया पर ही चुपचाप नजर आएगा।अब प्रशासन पर यह चुनौती है कि क्या सोनी जी के निरीक्षण का असली मकसद जनता की सुरक्षा है या सिर्फ दीपावली का तमाशा? शहडोल और अनूपपुर के नागरिकों की नजरें अब विभाग की वास्तविक कार्यवाही पर टिकी हैं।

# कोट्प्पा एक्ट के उल्लघंन पर जुर्माने की करें कार्यवाही: पुलिस अधीक्षक

**शहडोल।** जिले में राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत तम्बाकू युवा मुक्त अभियान 3.0 के सफल क्रियान्वयन के लिए पुलिस अधीक्षक रामजी श्रीवास्तव की अध्यक्षता में समन्वय बैठक आयोजित की गई। इस अवसर पर पुलिस अधिकारियों को कोट्प्पा एक्ट की धारा 4, 5, 6 (अ)(ब) एवं धारा-7 के प्रावधानों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।पुलिस अधीक्षक ने स्पष्ट किया कि स्कूल और कॉलेजों के 100 मीटर के दायरे में तम्बाकू, सिगरेट, गुटका, ई-सिगरेट और हुक्के का विक्रय या संचालन नहीं होना चाहिए। यदि कोई नाबालिक इन उत्पादों का सेवन या क्रय-विक्रय करता है तो तुरंत रोकथाम और जुर्माने की कार्रवाई की जाए। उल्लंघन होने पर जुर्माने की राशि जिला नोडल अधिकारी के पास जमा करने



का निर्देश भी दिया गया।बैठक में जिला एपिडेमियोलॉजिस्ट डॉ. अंशुमान सोनारे और अन्य पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे। जिला नोडल अधिकारी डॉ. पुनीत श्रीवास्तव ने बताया कि मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेश मिश्रा के मार्गदर्शन में जिले के स्कूलों में जागरूकता रैली और नशा-मुक्त शपथ अभियान चलाया जा रहा है। प्राचार्यों को निर्देशित किया गया है कि उनके विद्यालयों के आसपास कोई भी तम्बाकू उत्पाद विक्रय की दुकान संचालित न हो।इस अभियान के माध्यम से युवाओं को तम्बाकू और अन्य नशीले पदार्थों से दूर रखते हुए स्वस्थ और सुरक्षित जीवन सुनिश्चित करने पर जोर दिया जा रहा है।

## अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस पर सुरक्षित बालिका, सशक्त समाज कार्यक्रम आयोजित






**शहडोल।** अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत ज्ञानोदय विद्यालय, विचारपुर में सुरक्षित बालिका, सशक्त समाज कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बालिकाओं के अधिकार, सुरक्षा एवं बाल विवाह की रोकथाम के प्रति छात्रों और समाज को जागरूक करना था। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग अखिलेश मिश्रा ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बताया कि पाक्सो एक्ट 2012 के तहत 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों को यौन शोषण और उत्पीडऩ से बचाने के लिए सख्त कानून बनाए गए हैं। उन्होंने कहा कि बाल विवाह कराना कानूनन अपराध है और इसके रोकथाम के लिए समाज को स्वयं जागरूक होना आवश्यक है। साथ ही उन्होंने वन स्टॉप सेंटर में महिलाओं को आश्रय, चिकित्सा, परामर्श, पुलिस और कानूनी सहायता प्रदान किए जाने की जानकारी दी।साइबर सुरक्षा विशेषज्ञ केशव धाकड़ ने बच्चों को साइबर अपराध और सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अनावश्यक और असावधान इंटरनेट उपयोग से ऑनलाइन धोखाधड़ी, हैकिंग और पहचान की चोरी जैसी घटनाएं घट सकती हैं, इसलिए सोशल मीडिया का उपयोग रचनात्मक कार्यों के लिए ही किया जाना चाहिए। स्वास्थ्य विभाग की डॉ. कंचन पटेल ने पीसीपीएनडीटी एक्ट की जानकारी दी और कहा कि कन्या भ्रूण हत्या तथा लिंग निर्धारण पर रोक के लिए कड़े दंड का प्रावधान है।कार्यक्रम में छात्रों ने बाल विवाह रोकथाम पर नुक्कड़ नाटक और भाषण प्रतियोगिता प्रस्तुत की। भाषण प्रतियोगिता में हिमांशी झरिया को प्रथम, सोनम प्रजापति को द्वितीय और स्वाति प्रजापति को तृतीय स्थान दिया गया। विजेताओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय के प्राचार्य डी.सी. मिश्रा ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर सहायक संचालक वन स्टॉप सेंटर संजिता भगत, काउंसलर सपना पाण्डेय, केसवर्कर भानुप्रिया सहित शिक्षक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम ने बालिकाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण के प्रति जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

## भौतिक शास्त्र विभाग में क्वांटम छलांग विषय पर सेमिनार सम्पन्न



**शहडोल।** पंडित शंभूनाथ शुक्ला विश्वविद्यालय के भौतिक शास्त्र विभाग में 15 अक्टूबर को एकदिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया। इस वर्ष के कार्यक्रम का विषय था क्वांटम छलांग भौतिकी में नोबेल पुरस्कार प्राप्त खोज की समझ, जिसमें विद्यार्थियों ने आधुनिक भौतिक विज्ञान की नई संभावनाओं पर गहन चर्चा की। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं अतिथियों के स्वागत से हुआ। इस अवसर पर कुलगुरु प्रोफेसर राम शंकर ने छात्रों को वैज्ञानिक शोध में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि विज्ञान में जिज्ञासा ही सबसे बड़ा शिक्षक है, और जब तक हम सवाल पूछते रहेंगे, नई खोजें होती रहेंगी। वहीं कुल सचिव प्रोफेसर आशीष तिवारी ने सेमिनार के सफल आयोजन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम छात्रों में अनुसंधान की भावना को प्रोत्साहित करते हैं।सेमिनार में विभागाध्यक्ष प्रोफेसर प्रवीण कुमार शर्मा और प्रोफेसर प्रमोद कुमार पांडे ने इस वर्ष के नोबेल पुरस्कार से सम्मानित विषय वृहद स्तर पर क्वांटम यांत्रिक सुरंगन (टनलिंग) तथा विद्युत परिपथों में ऊर्जा का मात्रिकरण पर अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने बताया कि यह खोज भविष्य मंल क्वांटम कंप्यूटिंग, सुपरकंडक्टर तकनीक और सूक्ष्म ऊर्जा भंडारण प्रणालियों में क्रांतिकारी परिवर्तन ला सकती है। इस अवसर पर स्नातकोत्तर प्रथम व द्वितीय वर्ष तथा स्नातक ऑनर्स वर्ग के विद्यार्थियों ने प्रभावशाली पोस्टर प्रस्तुतीकरण के माध्यम से अपनी वैज्ञानिक समझ का प्रदर्शन किया। छात्रों ने जिज्ञासापूर्ण प्रश्नों और संवाद के माध्यम से सत्र को और अधिक रोचक बनाया। सेमिनार में विभाग के शिक्षक अनुराग पांडे, इशिका मिश्रा और सौम्य सिंह सहित समस्त शिक्षण स्टाफ उपस्थित रहा। कार्यक्रम के समापन पर प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए। यह एकदिवसीय सेमिनार विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण, अनुसंधान प्रवृत्ति और नवाचार की समझ विकसित करने की दिशा में एक सार्थक कदम सिद्ध हुआ।

**उच्च न्यायालय, मध्यप्रदेश, जबलपुर**
**प्रत्यर्थी को अपील की सूचना ( नोटिस )**
**( अधिनियम क्रमांक 5, सन् 1908 का आदेश इकतालिस, नियम 14 )**
**अपील क्रमांक-MA/5343/2024**
**Process Id: 201646/2025**
**THE NEW INDIA INSURANCE COMPANY LTD,**
**अपीलार्थी**
**MUNNIBAI SINGH GOND, प्रत्यर्थी**
सन् 2022 के MACC क्रमांक-24 सन् 2022 में न्यायालय Member, Addl. MACT, Shri Abhishek Goyal, Shahdol (MADHYA PRADESH) की डिक्री/आदेश, दिनांक 15-03-2024 के विरूद्ध अपील।
प्रति,
**Abhay Gupta S/o Ramnarayan Gupta, R/o Village Chitrao Thana Jaisinghnagar District Shahdol, District- Shahdol, Madhya Pradesh**
प्रत्यर्थी,
अपील की सुनवाई का दिनांक - कृपया सूचित करें कि ऊपर वर्णित अपील श्री Appellant द्वारा प्रस्तुत की गई और इस न्यायालय में पंजीयित की गई है तथा इस न्यायालय द्वारा अपील की सुनवाई का दिनांक 17/10/2025 नियत की गई है। आपत्तियाँ, प्रति आपत्तियाँ, यदि कोई हो, इस सूचना ( नोटिस ) के प्राप्त होने के दिनांक से एक महीने के भीतर फाइल की जानी चाहिए। कागजात तथा दस्तावेज फाइल करने का दिनांक- कृपया इस बात से भी सूचित हो कि आपसे यह भी अपेक्षित है कि आप दिनांक 17/10/2025 को या उससे पहले ऐसे कागजात और दस्तावेजों की, जो आप कागजातो करने का दिनांक की पुस्तक में शामिल करना चाहते हैं, एक सूची अपने स्वयं के खर्च से तैयार करके इस न्यायालय में परिदत्त करें । सूची में ऐसे कागजात और दस्तावेजों का उल्लेख करना आवश्यक नहीं है जिन्हें इस न्यायालय के नियमों के अधीन शामिल किये जाने की बाध्यता है।
सूची निम्नलिखित फार्म में होना चाहिये :-
1 ) कागज का विवरण ( दिनांक सुभेदक चिह्न तथा पृष्ठ संख्या ) ( 1 ), ( 2 ) पूरा शामिल किया जाना है या उसका एक भाग शामिल किया जाना है ( यदि कोई एक भाग शामिल किया जाना हो, तो पंक्तियों आदि का उद्धरण देते हुए स्पष्ट रूप से विनिर्दिष्ट करें ) ( 2 ), ( 3 ) कागजात की पुस्तक का पृष्ठ ( कार्यालय में भरा जाय ) ( 3 )। यदि आप कागजात की पुस्तक में कोई कागज शामिल नहीं करना चाहते हों, तो यह अपेक्षित है कि आप उक्त दिनांक 17/10/2025 को या उसके पहले एक रिक्त सूची फाइल करें। आपको अपील की सुनवाई के लिए नियत दिनांक को तैयार रहना चाहिए, किन्तु यदि न्यायालय के काम-काज के कारण अपील उस दिनांक को न्यायालय में न सुनी जा सके तो वह उसके बाद यथासाध्य शीघ्र न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत की जायेगी। यदि आपकी ओर से आप स्वयं, आपका वकील या इस अपील के संबंध में आपके लिए कार्य करने के लिये विधिवत् प्राधिकृत कोई व्यक्ति उपस्थित नहीं हुआ, तो अपील आपकी अनुपस्थिति में सुनी जायेगी और निर्णय दिया जायेगा। अपील से संयत निचले न्यायालयों में अभिलेख इस न्यायालय में प्राप्त हो गए है और निरीक्षण के लिए उपलब्ध हैं । आज दिनांक ........ को मेरे हस्ताक्षर और उच्च न्यायालय, मध्यप्रदेश, जबलपुर की मुहर से दिया गया।
**प्रधान सहायक, न्यायिक शाखा**



### राजस्व अधिकारियों पर कलेक्टर का सख्त रुख

# लंबित प्रकरणों पर फटकार, लापरवाही पर होगी कार्यवाही





उमरिया

जिले के राजस्व अधिकारियों की बैठक में कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने एक बार फिर सख्त तेवर दिखाते हुए अधिकारियों को चेताया कि लापरवाही और ढिलाई किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट कहा कि अब राजस्व विभाग की कार्यशैली केवल कागजी नहीं बल्कि मैदानी परिणामों से आंकी जाएगी।

कलेक्टर जैन ने कलेक्टर सभागार में आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि राजस्व अधिकारियों को अपनी कार्ययोजना बनाकर नियमित रूप से क्षेत्र का भ्रमण करना चाहिए। उन्होंने निर्देश दिए कि जब भी अधिकारी फील्ड में जाएं तो सिर्फ राजस्व कार्यों तक सीमित न रहें, बल्कि पेयजल, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं आंगनबाड़ी केंद्रों की निगरानी भी अनिवार्य रूप से करें।

कलेक्टर ने कहा कि नामांतरण, बंटवारा, बटांकन, नक्शा तरमीम और सीएम हेल्पलाइन से जुड़ी शिकायतों के निराकरण में तेजी लाई जाए। उन्होंने दो टूक कहा कि शिकायतें तहसील स्तर पर निपटनी चाहिए, यदि ऐसा संभव न हो तो स्पष्ट टिप्पणी के साथ उच्च स्तर पर भेजी जाएं। असंतोषजनक निपटान या लापरवाही पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों पर कार्यवाही होगी।

बैठक के दौरान कलेक्टर श्री जैन ने चंदिया के नायब तहसीलदार कौशल सिंह पर विशेष नाराजगी जताई, जिनके पास नामांतरण के चार प्रकरण एक वर्ष से अधिक समय से लंबित पाए गए। उन्होंने तत्काल शो-कॉज नोटिस जारी करने और दो दिन के भीतर निराकरण करने के निर्देश दिए। छह माह से अधिक पुराने सभी प्रकरणों पर भी कार्रवाई के संकेत दिए गए।

वहीं, सीमांकन में उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्रभारी तहसीलदार आशीष शर्मा की प्रशंसा करते हुए कलेक्टर ने अन्य अधिकारियों को भी बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि अब काम बोलना चाहिए, फाइलें नहीं।

कलेक्टर श्री जैन ने फार्मर रजिस्ट्री, पीएम किसान योजना की ई-केवाईसी और आधार सीडिंग के लक्ष्य समय पर पूर्ण करने पर विशेष बल दिया। उन्होंने कहा कि वर्षा या हाथियों से फसल क्षति के सर्वे कार्य में कृषि विभाग से समन्वय बनाकर किसानों को शीघ्र मुआवजा दिलाया जाए।

उन्होंने राजस्व अधिकारियों को निर्देश दिए कि भावांतर योजना और कोदो-कुटकी पंजीयन अभियान में अधिकतम किसानों का नाम जुड़वाया जाए। भावांतर योजना की अंतिम तिथि 17 अक्टूबर और कोदो-कुटकी की 24 अक्टूबर तय की गई है।

कलेक्टर श्री जैन ने अवैध गतिविधियों पर नकेल कसते हुए कहा कि अवैध शराब बिक्री, खनन और परिवहन पर तत्काल सख्त कार्रवाई की जाए। दीपावली पर्व को देखते हुए एसडीएम बांधवगढ़, पाली और मानपुर को खाद्य पदार्थों की दुकानों पर औचक निरीक्षण करने के निर्देश दिए। उन्होंने साफ कहा कि मिठाई या खाद्य सामग्री में मिलावट पाए जाने पर व्यापारी के खिलाफ कड़ी वैधानिक कार्रवाई की जाए।

बैठक में अपर कलेक्टर प्रमोद कुमार सेन गुप्ता, संयुक्त कलेक्टर रीता डेहरिया, एसडीएम हरनीत कौर कलसी, अंबिकेश प्रताप सिंह, टी.आर. नाग, डिप्टी कलेक्टर मीनाक्षी इंगले सहित सभी तहसीलदार और राजस्व अधिकारी उपस्थित रहे। कलेक्टर की इस सख्त चेतावनी ने साफ कर दिया है कि अब राजस्व विभाग में सुस्ती नहीं, जवाबदेही का दौर शुरू हो चुका है।

# पटाखा दुकान स्थल का एसडीएम ने किया निरीक्षण

### दुकान संचालकों को निर्धारित स्थल पर दुकान लगाने के दिए निर्देश



उमरिया।

दीपावली पर्व के अवसर पर करकेली विकासखंड के ग्राम पंचायत निगहरी में लगने वाली अस्थाई पटाखा दुकान स्थल का एसडीएम बांधवगढ हरनीत कौर कलसी ने संयुक्त डालके साथ निरीक्षण किया।उन्होने दुकान संचालकों को निर्देशित किया कि पटाखा विक्रय के लिए जो स्थान शासन व्दारा नियत किया गया है, वहीं पर दुकान संचालित की जाए।तय स्थान से पृथक दुकान लगाने पर वैधानिक कार्यवाही की जाएगी। दुकानों के बीच पर्याप्त दूरी रखी जाए। इसके साथ ही जिस व्यक्ति के नाम से लाइसेंस जारी किया गया है, उसी व्यक्ति के व्दारा दुकान का संचालन किया जाए। दुकानों पर लाइसेंस चस्पा किए जाए। दुकानों में पर्याप्त संख्या में सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किया जाए, ताकि घटना घटित होने पर उस पर त्वरित नियंत्रण पाया जा सके। निरीक्षण के दौरान एसडीओ पुलिस नागेन्द्र प्रताप सिंह, अधीक्षक भू अभिलेख एल के शर्मा, नगर निरीक्षक उमरिया मदन मरावी सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

# पोषण गुण एवं एनीमिया की रोकथाम के बताए गए उपाय



**उमरिया**। उमंग उच्च शिक्षा हेल्थ एंड वैलनेस कार्यक्रम के तहत प्रधानमंत्री कॉलेज आफ एक्सीलेंस शासकीय रणविजय प्रताप सिंह स्नातकोत्तर महाविद्यालय उमरिया में नोडल अधिकारी जितेंद्र कुमार द्वारा पोषण एवं एनीमिया के सत्र का आयोजन किया गया।

जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ.ऋचा गुप्ता द्वारा छात्र-छात्राओं को एनीमिया रोग के लक्षण एवं उपचार के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई एवं छात्र-छात्राओं द्वारा पूछे गए विभिन्न प्रश्नों का उत्तर दिया गया।उमंग स्वास्थ्य केंद्र चंदिया के परामर्शदाता राकेश चौधरी ने संतुलित आहार, माइक्रोन्यूट्रिएंट्स, मैक्रोन्यूट्रिएंटस,फैट एवं अन्य महत्वपूर्ण तत्वों के बारे में बताया । इस अवसर पर महाविद्यालय प्राचार्य डॉ विमल मरावी जिला समन्वयक किशोर स्वास्थ्य एवं समस्त महाविद्यालय स्टाफ एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रही।

## सक्षम ईयर 2 मॉड्यूल का हुआ विमोचन

उमरिया।

कन्या शिक्षा परिसर पाली में जनजातीय कार्य विभाग व मैजिक बस इंडिया फाउंडेशन के तत्वाधान में जीवन कौशल सक्षम कार्यक्रम के तहत्ईयर 2 के लाइफ स्किल मॉड्यूल कक्षा 7-10, जेंडर मॉड्यूल कक्षा 6-10 एवं रोजगार शिक्षा मॉड्यूल कक्षा 11-12 का विमोचन सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य डॉ. पूजा द्विवेदी,सरिता जैन विकास खंड शिक्षा अधिकारी पाली एवं संतोष शिवहरे बीआरसीसी पाली द्वारा किया गया। विदित हो जेएसडब्यू सीमेंट लिमिटेड मड़वा टोला के प्रतिनिधि सीएसआर हेड संतोष राजपूत द्वारा पाली ब्लॉक के 80 विद्यालयों के लिए मॉड्यूल प्रिंट करा कर उपलब्ध कराया गया है, जिसे विमोचन के



उपरांत उपस्थित अतिथियों द्वारा संबंधित विद्यालयों को वितरित किया गया, इससे सक्षम कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु सहयोग मिलेगा। संतोष राजपूत द्वारा उनके इस सहयोग के लिए विभाग द्वारा उन्हें प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के उपरांत सहायक आयुक्त जनजाति कार्य विभाग ने कहा कि संकुल स्तर पर जन शिक्षक प्रत्येक माह की 20 से 25 तारीख के बीच समीक्षा करें। प्रत्येक जन शिक्षा केंद्र में दो दो विद्यालयों को ष्सक्षम मॉडलष बनाएं, ताकि आसपास के विद्यालय उनसे प्रेरणा लेकर और बेहतर प्रदर्शन कर सकें। जिले में सभी को टीम भावना से कम कर जिले की प्रगति के लिए निर्देशित किया।सक्षम कार्यक्रम के जिला प्रबंधक महाराणा प्रताप सिंह को प्रगति की रिपोर्ट हर माह की 27 तारीख को उन्हें प्रस्तुत करने के लिए कहा,ताकि माह के अंत में निर्धारित गतिविधियों का शत प्रतिशत संचालन एवं रिपोर्टिंग सुनिश्चित की जा सके।

विदित हो कि गत वर्ष सक्षम कार्यक्रम में उमरिया जिला प्रदेश में प्रथम स्थान पर रहा। इस दौरान माध्यमिक शाला बिंझला टोला से रजनीकांता खरे द्वारा अपने विद्यालय की बेस्ट प्रैक्टिस साझा करते हुए कार्यक्रम से विद्यार्थियों के जीवन में आ रहे परिवर्तनों के सफलता की कहानी प्रस्तुत की गई। साथ ही बच्चों द्वारा बनाई गई मेरी सीख की किताब का भी प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के पहले और सक्षम कार्यक्रम के बाद क्या परिवर्तन हुए उदाहरण सहित प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन संजय पांडेय द्वारा किया गया।

कार्यशाला में एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय पाली के प्राचार्य तेन सिंह रघुवंशी, सभी मास्टर ट्रेनर्स संजय पाण्डेय, वीरेंद्र गर्ग, सरिता गुप्ता, सभी बीएसी, जनशिक्षक व मैजिक बस इंडिया फाउंडेशन के संजय गौतम, नागूलाल हाड़ा, अविनाश वर्मा, महारान प्रताप सिंह परमार, संदीप मिश्रा , नीरज तिवारी, ब्लॉक प्रबंधक संदीप शुक्ला व कन्या शिक्षा परिसर पाली के समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे ।

# स्वदेशी सामानों को पूर्ण सहयोग देने नपा की अपील

हरिभूमि न्यूजकोतमा।

दीपावली के अवसर पर कुम्हारों, स्व सहायता समूहों, छोटे कारीगरों से कोई भी कर या शुल्क नहीं लेने और उन्हें पूर्ण सहयोग और समस्त आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश मुख्य नगर पालिका अधिकारी प्रदीप झारिया ने कर्मचारियों को दिए हैं। ज्ञातव्य है कि इन लोगों द्वारा दीपावली के मौके के लिए विशेष रुप से तैयार की गई सामग्रियों की बिक्री के लिए स्टॉल, दुकानें लगाई जाती हैं।

कुम्हारों द्वारा दीये, दीप, मूर्तियों, स्व-सहायता समूहों और छोटे कारीगरों द्वारा अनेक सजावटी सामग्री सहित अपने तैयार उत्पादों की बिक्री की जाती है। इन लोगों पर कोई आर्थिक बोझ न पड़े और वे लोग सुविधाजनक रूप से सामग्रियों का विक्रय कर सकें, इसलिए इन लोगों को पूर्ण सहयोग और सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। मुख्य नगर पालिका अधिकारी प्रदीप झरिया ने कहा है कि आदेश जारी कर दिया गया है और यह निर्देश दिए गए हैं कि स्थानीय कुम्हारों एवं कारीगरों के द्वारा निर्मित की गई मिट्टी के दीयों दीपक एवं मिट्टी से बनी मूर्तियों की बाजार में बिक्री करने के लिए फुटपाथ में दुकानें सजाई गई है इनसे किसी प्रकार के कर बाजार बैठकी ना लिया जाए। उन्होंने आम जनता से भी यह अपील की है कि वे दीपावली के मौके पर स्थानीय कारीगरों द्वारा तैयार सामग्रियां क्रय कर उन्हें भी अपनी खुशियों में शामिल करने की पहल करें।

# पंजीकृत फार्मासिस्ट द्वारा ही दवाईयों को दिया जाए: सीएमएचओ

**उमरिया**। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. व्ही.एस. चंदेल ने जिले के समस्त मेडिकल स्टोर संचालको से कहा है कि फार्मेसी अधिनियम 1948 की धारा 42 में चिन्हित प्रावधान अनुसार मेडिकल प्रेक्टिशनर के प्रेस्किप्शन कर केवल पंजीकृत फार्मोसिस्ट के द्वारा ही दवाईयों दी जाए । उन्हो्ने कहा कि किसी गैर पंजीकृत व्यक्ति द्वारा दवाईयो का विक्रय/डिस्पेंस/विक्रय होता पाए जाने पर संबंधित मेडीकल स्टोर पर फार्मेसी एक्ट 1948 के तहत कानूनी कार्यवाही की जायेगी । एक्ट के अंतर्गत 3 माह तक की सजा तथा दो लाख रूपयें का जुर्माना या फिर दोनो से दंडित किए जाने का प्रावधान है , इसके साथ ही संबंधित मेडिकल स्टोर का लायसेंस भी निरस्त किया जा सकता है।

# रामनगर पुलिस ने अवैध शराब विक्रेता पर की कार्यवाही



हरिभूमि न्यूज रामनगर।

पुलिस अधीक्षक मोती उर रहमान के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं एस.डी.ओ.पी. कोतमा के मार्गदर्शन में थाना रामनगर पुलिस द्वारा अवैध शराब के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के अंतर्गत एक व्यक्ति को अवैध शराब बिक्री करते हुए पकड़ा गया। प्राप्त मुखबिर सूचना पर भूरा होटल, राजनगर के पास एक व्यक्ति अवैध रूप से शराब बिक्री कर रहा है।

सूचना पर हमराह स्टाफ एवं गवाहों को साथ लेकर मुखबिर के बताए स्थान पर रेड की गई। मौके पर एक व्यक्ति भूरा होटल के सामने अवैध शराब बिक्री हेतु रखा मिला, जिसे घेराबंदी कर पकड़ा गया। पूछताछ करने पर आरोपी ने अपना नाम संतोष कुमार जायसवाल पिता गोपाल जायसवाल, उम्र 34 वर्ष, निवासी वार्ड क्र. 04 सीधी दफाई, राजनगर थाना रामनगर बताया। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से 03 बोतल किंगफिशर बीयर, 08 पाव ऑफीसर चॉइस, 24 केन बीयर, 20 नग देशी प्लेन शराब कुल 15.390 लीटर अंग्रेजी शराब एवं 3.600 लीटर देशी प्लेन शराब, इस प्रकार कुल 18.990 लीटर अवैध शराब कीमती लगभग 6,077 की पाई गई। आरोपी से शराब रखने-बिक्री करने के संबंध में कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए जाने पर, उपरोक्त अवैध शराब को समक्ष गवाहान विधिवत जप्त किया गया। आरोपी का कृत्य धारा 34(ए) आबकारी अधिनियम के तहत दंडनीय पाए जाने से अपराध क्रमांक 273/2025, धारा 34(ए) आबकारी एक्ट' के अंतर्गत कायम कर विवेचना में लिया गया।

### राष्ट्रीय पोषण माह 2025 के अंतर्गत आंगनबाड़ी केन्द्रों में विविध कार्यक्रमों का आयोजन

**डिंडौरी**। कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय पोषण माह 2025 के अंतर्गत 15 अक्टूबर 2025 को जिलेभर के सभी आंगनवाड़ी केन्द्रों में विविध पोषण संबंधी गतिविधियों का सफल आयोजन किया गया।कार्यक्रम के दौरान पौष्टिक पूरक खाद्य पदार्थों के लिए रेसिपी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें महिलाओं ने स्थानीय स्तर पर उपलब्ध खाद्य सामग्रियों का उपयोग करते हुए पौष्टिक एवं स्वादिष्ट व्यंजन तैयार कर प्रस्तुत किए।

# अब चोरों को नहीं रहा प्रशासन का डर

हरिभूमि न्यूज जमुना/बदरा।

प्रबंधन की उदासीनता और लापरवाही पूर्ण रवैया चोरों के लिए जन्नत नसीब हो रहा है। बिगत 6 माह से समूचे जमुना कोतमा क्षेत्र के सभी खदानों, सभी फिल्टरप्लांट तथा विद्युत से जुड़े स्टेशन में धड़ल्ले से दिन दहाड़े तथा रात के अंधेरे में चोरों ने हाथ साफ किया ओ भी इस अंदाज में जैसे सारा सामान इन्हें कंपनी से दहेज में मिल रहा हो, पुलिस प्रशासन हाथ में हाथ रखे बैठा है रिपोर्ट करने सुरक्षा विभाग जाता है तो इतने सारे कानून कायदे पुलिस द्वारा बता दिया जाता है कि खाली हाथ लौटने को सुरक्षा विभाग मजबूर हो जाता है। शासन प्रशासन एवं प्रबंधन के नाक के नीचे कंपनी का करोड़ों का कीमती एवं



उपयोगी सामान चोरी जा रहा है लेकिन सब इसलिए मौन है कि किसी के घर से तो जा नहीं रहा देश की संपत्ति है लुट जाने दो क्या फर्क पड़ता है यही सब रवैया को देखकर चोरों के हौसले बुलंद है तभी तो जमुना फिल्टर से नारायण खदान के लिए बिछाई जा रही पाइपलाइन को रोज ले आउट किया जाता है और रात में चोर चोरी करके ले जाते है। यहां तक कि चालू लाइन के तार भी काटकर चोर चोरी कर रहे है। इस तरह की घटना से जमुना कोतमा क्षेत्र के नागरिकों के बीच भय का माहौल है कोयला मजदूर सभा जमुना कोतमा क्षेत्र के अध्यक्ष श्रीकांत शुक्ला ने प्रशासन के आला अधिकारियों से मांग है कि इस तरह की चोरी की घटनाओं पर तत्काल रोक लगाई जाए अन्यथा इस क्षेत्र में कोई भी अनहोनी हो सकती है। कोयला मजदूर सभा एच एम एस ज को क्षेत्र एवं क्षेत्र की जनता ने वरिष्ठ पत्रकार संतोष चौरसिया को धन्यवाद दी है कि कलम की ताकत से वे समय समय पर चोरी एवं अन्य घटनाओं को उजागर करते रहते है जिससे जन मानस एवं आला अधिकारियों के समक्ष बात उजागर हो रही है संगठन को पूरा भरोसा है कि एक न एक दिन प्रशासन जरूर इस तरह की घटनाओं पर अंकुश लगाकर जन मानस को साफ सुथरा संदेश देगा।

## राजनगर में मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ का सदस्यता अभियान सम्पन्न

हरिभूमि न्यूज राजनगर।

मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ प्रदेश अध्यक्ष शलभ भदोरिया, एवं उपाध्यक्ष मनोज द्विवेदी, के निर्देशानुसार संभागीय अध्यक्ष अजीत मिश्रा, जिलाध्यक्ष राजेश पयासी के द्वारा के द्वारा जिले भर में सदस्यता अभियान चलाया गया है। इसी क्रम में राजनगर मे बैठक का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस आयोजन में कई नए पत्रकार साथियों ने संघ की सदस्यता ग्रहण की। गौरव का विषय है कि हमारे बीच एक और महिला पत्रकार, राजनगर हरिभूमि प्रतिनिधि श्रीमती रीना शर्मा ने सदस्यता ग्रहण कर पत्रकारिता जगत में नई ऊर्जा का संचार किया। इसके साथ ही नर्मदा की पुकार के संवाददाता मनीष कुमार सिंह, जब सूरज जगता के संवाददाता मनुमणि तिवारी एवं आलोक सिंह तथा आनंद पब्लिक के ब्यूरो चीफ ओम प्रकाश रवि ने भी श्रमजीवी पत्रकार संघ की सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर मुख्य अतिथि कोतमा ब्लॉक



अध्यक्ष वरिष्ठ पत्रकार अजय ताम्रकार का मार्गदर्शन सभी पत्रकारों को प्राप्त हुआ। कार्यक्रम सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ और पत्रकार एकता की भावना से परिपूर्ण रहा। पत्रकार अमित सेन गुप्ता द्वारा यह बैठक आयोजन कराया गया।

**खबर संक्षेप**

### नई दिल्ली में राष्ट्रीय सम्मेलन के लिए मध्यप्रदेश का प्रतिनिधि दल गठित

**शहडोल।** जनजातीय अनुसंधान एवं विकास संस्था भोपाल द्वारा 17 अक्टूबर को विज्ञान भवन, नई दिल्ली में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय सम्मेलन (नेशनल कॉन्क्लेव) के लिए मध्यप्रदेश शासन का प्रतिनिधि दल गठित किया गया है। यह सम्मेलन भारत सरकार के जनजातीय कार्य मंत्रालय के तत्वावधान में आयोजित होगा। संस्थान के आयुक्त-सह-संचालक डॉ. नलिन सिंह द्वारा जारी आदेश के अनुसार राज्य एवं जिला स्तर के अधिकारी, मास्टर ट्रेनर और सहयोगी इस दल में शामिल किए गए हैं। शहडोल जिले से कलेक्टर डॉ. केदार सिंह, डिस्ट्रिक्ट मास्टर ट्रेनर डी. सी. मिश्रा एवं ब्लॉक मास्टर ट्रेनर मनोज कुमार मिश्रा, अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी, जनपद पंचायत गोहपारू को प्रतिनिधि दल में सम्मिलित किया गया है। सम्मेलन का उद्देश्य आदिवासी विकास, नवाचार एवं अनुसंधान कार्यों की प्रगति की समीक्षा करना और विभिन्न राज्यों के अनुभवों के आदान-प्रदान के माध्यम से सहयोग एवं समन्वय को सशक्त बनाना है।

### रेलवे स्टेशन पर जीआरपी की बड़ी कार्रवाई

**शहडोल।** संभागीय मुख्यालय के स्टेशन पर जीआरपी पुलिस ने प्लेटफार्म क्रमांक 2 पर मुखबिर की सूचना के आधार पर बड़ी कार्रवाई करते हुए एक युवक को गांजा तस्करी के आरोप में गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान दमोह जिले के निवासी 25 वर्षीय लिलेश नामदेव के रूप में हुई है। जीआरपी थाना प्रभारी एम. झरिया ने बताया कि प्लेटफार्म चेकिंग के दौरान युवक संदिग्ध अवस्था में काले रंग का पि_ बैग लिए बैठा मिला। तलाशी लेने पर बैग से 5 किलो से अधिक गांजा बरामद हुआ, जिसकी बाजार कीमत एक लाख रुपये से अधिक आंकी गई है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि आरोपी उड़ीसा से गांजा लाकर शहडोल के रास्ते दमोह ले जाने की फिराक में था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर लिया है और यह पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि इस अवैध तस्करी नेटवर्क में और कौन-कौन लोग शामिल हैं। जीआरपी थाना प्रभारी ने बताया कि रेलवे स्टेशन, ट्रेनों और प्लेटफार्मों पर पुलिस की टीम लगातार निगरानी रख रही है, ताकि नशे के इस अवैध कारोबार पर पूरी तरह अंकुश लगाया जा सके।

### घर में घुसा था सांप, पकड़कर जंगल में छोड़ा

**बड़वारा।** तहसील के ग्राम रोहनिया में अनिल गुप्ता के घर में नाग घुसा बैठा था। मकान में सफाई के दौरान सांप मिला जिसकी सूचना समाजसेवी एवम सर्पमित्र खेमचंद यादव को दी गई। खेमचंद यादव ने तत्काल अनिल गुप्ता के घर मे घुसे बैठे कोबरा का सफल रेस्क्यू कर सुरक्षित जंगल में छोड़ा। अनिल गुप्ता के घर मे छुपकर बैठे नाग को घर से निकालने के पश्चात परिवार के लोगों ने चैन की सांस ली। जब तक नाग को घर से रेस्क्यू कर निकाला नही गया तब परिवार के लोग भय के माहौल में रहे। यादव ने कहा कि वन्यजीव हमारे पर्यावरण के मित्र हैं इन्हें मारे नहीं।

### हांका गैंग ने आवारा मवेशियों को पकड़ा

**कटनी।** नगर के मुख्य मार्गो में विचरण करने वाले घुमंतू मवेशियों पर लगाम लगाने हेतु निगम प्रशासन की हांका गेंग द्वारा सक्रियता से कार्य कर आमजन को सुगम एवं सुरक्षित आवागमन मुहैया कराने के निरंतर प्रयास किये जा रहे है। स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी ने बताया कि इन्ही प्रयासों के तहत निगम की हांका टीम के सदस्यों द्वारा मंगलवार रात्रि बरगवां ओव्हर ब्रिज, डन कालोनी मोड़, कटाए घाट मोड़, दुगाडी नाला से झिंझरी जेल मार्ग होते हुए बिलहरी मोड तक मुख्य मार्ग के आवागमन बाधित कर रहे गौवंशो को सुरक्षित रूप से मार्ग से अलग कर निगम सीमा से बाहर छोडनें की कार्यवाही की गई। वहीं पाठक वार्ड स्थित रामलीला मैदान के पास आयोजित धार्मिक कार्यक्रम के दौरान नागरिकों की सुविधा के चलते आवारा रूप से विचरण कर रहे गौवंशों को मार्ग से अलग करने की कार्यवाही की जाकर सुगम आवागमन की सुविधा मुहैया कराई गई।

## भाजपा का विधानसभा सम्मेलन संपन्न

# जीएसटी की कटौती से अर्थव्यवस्था में आई तेजी





भाजपा विधानसभा ब्यौहारी का कार्यकर्ता सम्मेलन केसरी मैरिज गार्डन ब्यौहारी में संपन्न हुए

**ब्यौहारी।**

विधानसभा सम्मेलन का उद्देश्य केंद्र सरकार द्वारा हाल ही में जीएसटी की कटौती की गई है जिससे अर्थव्यवस्था में तेजी आई है अमेरिका द्वारा लगाए गए टैरिफ का कोई असर भारतीय अर्थव्यवस्था पर नहीं हुआ कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रदेश मंत्री शरतेंदु तिवारी, भाजपा जिला अध्यक्ष अमिता चपरा, विधायक शरद कोल द्वारा भी जीएसटी के फायदे बताए कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जनपद अध्यक्ष आकांछी सिंह, श्री कृष्ण गुप्ता राजन, पुर्ष्पेद्र पटेल महामंत्री, राजेंद्र गुप्ता अध्यक्ष व्यापारी संघ, विनय गुप्ता मंडल अध्यक्ष ब्यौहारी, सौरभ शुक्ला,बीरेंद्र वैश्य, सज्जन सिंह परस्ते, श्रुति केसरी, उमेश कुशवाहा बुढ़वा, रामचंद्र पाल सुरेंद्र बैश्य सहित 500 कार्यकर्ता शामिल हुए।



## सिकल सेल उपचार पर एकदिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न

**शहडोल।**

बिरसा मुंडा शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय में सिकल सेल रोग के उपचार एवं प्रबंधन विषय पर एकदिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत आयोजित हुआ, जिसका उद्देश्य चिकित्सा अधिकारियों को सिकल सेल रोग से संबंधित नवीनतम जानकारी और उपचार पद्धतियों से अवगत कराना था।

कार्यक्रम का आयोजन डीन डॉ. जी.बी. रामटेके के मार्गदर्शन में किया गया। इस अवसर पर जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में कार्यरत चिकित्सा अधिकारियों को गर्भावस्था के दौरान सिकल सेल रोग की पहचान, जांच और उपचार के विभिन्न पहलुओं पर प्रशिक्षण दिया गया।

प्रशिक्षण सत्र में डॉ. सोना सिंह ने सिकल सेल रोग की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की, वहीं डॉ. नेहा जैन ने प्रसवोत्तर देखभाल (पोस्ट नेटल केयर) पर मार्गदर्शन दिया। डॉ. अंशु शोभानी ने हाइड्रोक्सीयूरिया थेरेपी के उपयोग एवं उसके लाभों पर विस्तृत व्याख्यान दिया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. हिमांशु तिवारी ने किया।

इस प्रशिक्षण के माध्यम से चिकित्सा अधिकारियों को रोग के प्रभावी उपचार और नियंत्रण में नई दिशा मिली है। कार्यक्रम में अस्पताल उप अधीक्षक डॉ. विक्रांत कबीर पंथी सहित कई अधिकारी एवं चिकित्सक उपस्थित रहे। यह पहल जिले में सिकल सेल रोग के विरुद्ध बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुई।



## शहडोल संभाग की फुटबॉल टीम सेमीफाइनल में प्रवेश

**शहडोल।**

मध्यप्रदेश शासन, स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित 69वीं शालेय राज्य स्तरीय 14 वर्षीय फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन उमरिया में हो रहा है। सहायक संचालक खेल रईस अहमद ने बताया कि शहडोल संभाग की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सेमीफाइनल में प्रवेश किया। लीग में टीम ने भोपाल संभाग को 5-0, नर्मदापुरम को 2-0, ग्वालियर को 4-0 और जबलपुर को 2-0 से पराजित कर अपने पूल में प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता का फाइनल मैच 17 अक्टूबर को आयोजित किया जाएगा।

### आकर्षक रंग रोगन से सौंदर्यीकरण कर दिया स्वच्छता का संदेश

**कटनी।** निगम प्रशासन द्वारा स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 के अंतर्गत शहर में विभिन्न स्वच्छता लक्षित इकाइयों क्लीननेस टारगेट यूनिट सीटीयू का चयन किया जाकर आदर्श इकाई के रूप में विकसित करने की पहल के तहत विगत दिवसों नगर के दो स्थल चिन्हित कर विशेष सफाई की जाकर रंग बिरंगे कलरों से पेंटिंग कर स्थलों का सौंदर्यीकरण किया जाकर स्वच्छता का संदेश दिया गया। नोडल अधिकारी स्वच्छ भारत मिशन आदेश जैन ने बताया कि महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी और निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार के निर्देशन में निगम प्रशासन द्वारा स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 के निर्धारित मापदंडों को दृष्टिगत रखते हुए विभिन्न स्थलों को क्लीननेस टारगेट यूनिटस्ट के रूप में विकसित करने का कार्य किया जा रहा है ।

## पुलिस ने शुरू किया साइबर डिजिटल सुरक्षा अभियान

# नागरिकों को दी ऑनलाइन सुरक्षा की सीख बच्चों ने ली साइबर सतर्कता की शपथ

**शहडोल।**

बढ़ते साइबर अपराधों पर अंकुश लगाने और नागरिकों को डिजिटल युग में सुरक्षित रखने के उद्देश्य से शहडोल पुलिस ने राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा माह के अवसर पर साइबर डिजिटल सुरक्षा अभियान की शुरुआत की है। इस व्यापक जनजागरण अभियान का नेतृत्व पुलिस अधीक्षक रामजी श्रीवास्तव कर रहे हैं। अभियान के तहत जिले के सभी थाना क्षेत्रों में जनजागरूकता कार्यक्रम, संवाद सत्र और सुरक्षा प्रशिक्षण आयोजित किए जा रहे हैं। इसका मुख्य उद्देश्य नागरिकों को साइबर अपराधों के नए-नए तरीकों से अवगत कराना और उनसे बचाव के व्यावहारिक उपाय बताना है।

15 अक्टूबर को आयोजित कार्यक्रम के दौरान नागरिकों को साइबर सुरक्षा शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर पुलिस अधिकारियों ने साइबर सुरक्षा पंपलेट वितरित किए, जिनमें ऑनलाइन लेन-देन, सोशल मीडिया सुरक्षा, पासवर्ड प्रबंधन और डिजिटल ठगी से बचाव के सरल उपाय बताए गए थे।



इसी क्रम में शहडोल पुलिस द्वारा कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल, गंज रोड और ज्ञानोदय आवासीय विद्यालय, विचारपुर में विशेष जागरूकता सत्र आयोजित किए गए। इन कार्यक्रमों में छात्रों को इंटरनेट के सुरक्षित उपयोग, डिजिटल पहचान की सुरक्षा और फर्जी लिंक या संदेशों से बचाव के उपायों के बारे में विस्तार से बताया गया।

कार्यक्रम के दौरान छात्रों ने सामूहिक रूप से शपथ ली कि वे किसी भी संदिग्ध लिंक, ईमेल या संदेश पर क्लिक नहीं करेंगे। अज्ञात स्रोतों से मोबाइल एप डाउनलोड नहीं करेंगे। अपने बैंक विवरण, पासवर्ड या ओटीपी किसी के साथ साझा नहीं करेंगे। किसी भी साइबर अपराध या ऑनलाइन धोखाधड़ी की तुरंत रिपोर्ट करेंगे। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि नागरिक किसी भी साइबर अपराध की शिकायत राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930, राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल, निकटतम थाना या साइबर सेल में संपर्क कर सकते हैं। पुलिस अधीक्षक रामजी श्रीवास्तव ने कहा कि डिजिटल युग में सतर्कता ही सुरक्षा है। हमारी कोशिश है कि हर नागरिक साइबर अपराधों की प्रकृति को समझे और स्वयं को सुरक्षित रखने के लिए जागरूक बने। शहडोल पुलिस का यह अभियान न केवल अपराध रोकथाम की दिशा में एक सशक्त पहल है, बल्कि यह युवाओं में डिजिटल जिम्मेदारी और आत्म-सुरक्षा की भावना विकसित करने का भी प्रभावी माध्यम बन रहा है।

# शहडोल में भूकंपरोधी संरचना निर्माण प्रशिक्षण का आयोजन



**शहडोल।**

आपदा प्रबंधन संस्थान, गृह विभाग भोपाल के निर्देशानुसार जिले में भूकंपपूर्व तैयारी एवं क्षमतावर्धन कार्यक्रम के अंतर्गत कलेक्टर कार्यालय के विराट सभागार में जिला स्तरीय भूकंपरोधी संरचना निर्माण प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने इंजीनियर प्रतिभागियों को निर्देश दिया कि प्रशिक्षण को गंभीरता से लें और विभाग द्वारा बनाई जाने वाली सभी संरचनाओं में भूकंपरोधी तकनीकों का उपयोग करें। उन्होंने रेट्रोफिटिंग के महत्व पर भी प्रकाश डाला और कहा कि भविष्य में जिले में निर्मित भवन भूकंप प्रतिरोधी होंगे। आपदा प्रबंधन संस्थान भोपाल से आए प्रशिक्षक अभिषेक मिश्रा ने बताया कि आपदा किसी भी समय और किसी भी रूप में आ सकती है। उन्होंने भूकंप के दौरान सुरक्षित स्थान पर शरण लेने, दीवारों और खिड़कियों से दूर रहने और मजबूत मेज या टेबल के नीचे छिपने की सलाह दी। कार्यक्रम में संयुक्त कलेक्टर श्रीमती प्रगति वर्मा, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती अन्टोनिया इक्का ने भी प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित किया। तकनीकी विशेषज्ञ तुषार गोलाईत ने भूकंप आपदा, सिस्मोलॉजी, कारण एवं बचाव के उपायों पर विस्तृत जानकारी दी। यह प्रशिक्षण 17 अक्टूबर 2025 तक जारी रहेगा और जिले के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को भूकंप प्रतिरोधी संरचना निर्माण एवं आपदा प्रबंधन में दक्षता प्रदान करेगा।

### अतिरिक्त भवन निर्माण हेतु 564.63 लाख की स्वीकृति

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ बड़वारा**

शासकीय महाविद्यालय बड़वारा के प्रथम एवं द्वितीय तल पर भवन निर्माण की प्रशासकीय स्वीकृति उच्च शिक्षा विभाग से मिली है। अभी महाविद्यालय भूतल एवं प्रथम तल के दो कमरों में संचालित है। अब प्रथम एवं द्वितीय तल के भवन निर्माण के पश्चात अनेको सुविधाएँ जैंसे विज्ञान प्रयोगशालाएं, कम्प्यूटर कक्ष, स्मार्ट क्लास, छात्राओं के लिए कॉमन रूम, शैक्षणिक कक्ष आदि की व्यवस्था महाविद्यालय में हो सकेंगी। ज्ञात हो कि महाविद्यालय की जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष सोनेलाल (गुड्डू) साहू जी, बड़वारा विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह , सांसद श्रीमति हिमाद्री सिंह एवं तात्कालिक कलेक्टर के अथक प्रयासों से यह सफलता प्राप्त हो सकी है।

## दीपावली पर हरित पटाखों के उपयोग की अपील जनस्वास्थ्य और पर्यावरण की सुरक्षा पर जोर

**शहडोल।**

दीपावली के अवसर पर जिला प्रशासन ने आम नागरिकों से हरित पटाखों का सीमित और सुरक्षित उपयोग करने की अपील की है। प्रशासन ने कहा कि ज्वलनशील एवं ध्वनिकारक पटाखों के उपयोग से वायु प्रदूषण और ध्वनि स्तर में वृद्धि होती है, जो मानव स्वास्थ्य और पर्यावरण के लिए हानिकारक है। ठंड के दिनों में वायु का डिस्पर्शन कम होने के कारण प्रदूषक तत्व अधिक समय तक वातावरण में बने रहते हैं।

प्रशासन ने चेतावनी दी है कि पटाखों का विस्फोटन अस्पताल, नर्सिंग होम, शैक्षणिक संस्थान, धार्मिक स्थानों आदि से 100 मीटर की दूरी तक प्रतिबंधित है। पटाखों के जलने के बाद बचे कागज और अधजली बारूद बच्चों और पशुओं के लिए दुर्घटना का कारण बन सकते हैं। इसके साथ ही, बचे कचरे को जलस्त्रोतों और पेयजल स्त्रोतों के पास नहीं फेंकना चाहिए।

जिला प्रशासन ने निर्देश दिया है कि पटाखों का उपयोग रात्रि 8 बजे से 10 बजे तक सीमित रखा जाए और बचा कचरा घरेलू कचरे से अलग कर नगरीय निकायों की स्वच्छता टीम को सौंपा जाए। नगरीय निकायों से भी अपील की गई है कि पटाखों का कचरा अलग से संकलित कर उसका सुरक्षित निपटान करें। यह प्रयास न केवल जन स्वास्थ्य और पर्यावरण की सुरक्षा सुनिश्चित करेगा, बल्कि पर्व को सुरक्षित और आनंदमय बनाने में भी मदद करेगा।

## शहडोल में शासकीय भूमि पर कब्जे की शिकायत

# तहसील सोहागपुर के अफसरों पर आरोप

**शहडोल।**

जिले की सोहागपुर तहसील अंतर्गत ग्राम चांपा में शासकीय भूमि पर कब्जे को लेकर गंभीर शिकायत सामने आई है। अधिवक्ता थानेश्वर गोले ने कलेक्टर, लोकायुक्त और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों को प्रेषित पत्र में आरोप लगाया है कि राजस्व विभाग के कुछ अधिकारियों और पटवारी ने मिलीभगत से शासकीय भूमि (गैर हकदार) को निजी व्यक्तियों के नाम दर्ज कर दिया है। शिकायत के अनुसार, धीरेंद्र तुमारसी, मनोज गोले, आकाश पाण्डेय और तत्कालीन तहसीलदार लवकुश प्रसाद शुक्ला सहित अन्य अधिकारियों ने पद का दुरुपयोग कर शासकीय भूमि को आपसी सांठ-गांठ से निजी हित में हस्तांतरित किया। यह भूमि पूर्व में शासन द्वारा केवल जीवन यापन के लिए निजी उपयोग के लिए दस्तावेजीकृत थी, लेकिन बाद में राजस्व रिकॉर्ड में गैर हकदार के रूप में दर्ज कर दी गई। अधिवक्ता गोले ने कहा कि इस अवैध कार्यवाही से शासन को आर्थिक हानि पहुंची है और भूमि माफियाओं को लाभ मिला है। उन्होंने पूरे मामले की जांच कर दोषियों के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध करने की मांग की है। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि पूर्व में कई बार आवेदन देने के बावजूद कार्रवाई नहीं की गई है। उन्होंने चेतावनी दी है कि 07 दिनों के भीतर कार्रवाई नहीं हुई तो वे उच्च न्यायालय में मामला दर्ज कराएंगे। 09 अक्टूबर 2025 को प्रस्तुत इस शिकायत में तहसीलदार सोहागपुर, पटवारी सत्यनारायण मिश्रा और अन्य अधिकारियों के विरुद्ध विस्तृत दस्तावेज भी संलग्न किए गए हैं।

## उन्नत तकनीकों को अपनाकर मक्का की बोवनी के लिए किया प्रेरित

# रीठी के किसानों ने मक्के की खेती से लिखी समृद्धि की इबारत

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी**

कृषि विभाग और बोरलॉग इंस्टीट्यूट ऑफ साउथ एशिया जबलपुर के सहयोग से उन्त कृषि तकनीकों को अपनाकर विकासखण्ड रीठी के किसानों ने खरीफ मक्का की खेती के द्वारा समृद्धि की नई इबारत लिखी है।

रीठी के ग्राम महगंवा, हथकुरी, सुगमा, शाहपुरा, बसुधा, कुपिया में पिछले वर्षों में खरीफ मक्के का रकबा लगभग 70 से 80 एकड़ था। इन गांवों में खरीफ में कुछ खेतो में फसलों की बोनी ही नहीं की जाती थी। केवल रबी फसलें ही ली जाती थी। कृषि विभाग द्वारा इन गांवों के कुछ कृषकों का चयन आधुनिक कृषि पद्धति से खरीफ मक्के की बोनी के लिये किया गया और खरीफ में मक्का लगाने हेतु किसानों को प्रेरित किया गया। साथ ही कृषि विभाग और बोरलॉग इंस्टीट्यूट द्वारा खरीफ मक्के को उन्नत तकनीक का प्रदर्शन किया गया।





## खबर संक्षेप



### प्रतिष्ठा गौतम ने अलवर में रचा स्वर्णिम इतिहास

**अनूपपुर।** बरगवां अमलाई निवासी नन्ही प्रतिभा, प्रतिष्ठा गौतम ने अंडर 8 वर्ग में जिले का नाम रोशन किया है। उन्होंने राष्ट्रीय पारंपरिक लाठी खेल प्रतियोगिता 2025 में एक लाठी और दो लाठी दोनों वर्गों में स्वर्ण पदक जीतकर बड़ा कीर्तिमान बनाया। प्रतियोगिता का आयोजन अलवर (राजस्थान) में किया गया।प्रतिष्ठा को स्वर्ण पदक मिलने पर नगर परिषद बरगवां अमलाई में खुशी की लहर है। सम्मान समारोह में उनके साथ दादा राम लखन मिश्रा और पिता आशीर्वाद मिश्र मौजूद रहे। आयोजन समिति की ओर से उन्हें प्रमाणपत्र और मेडल प्रदान किया गया।प्रतिष्ठा इससे पहले उज्जैन में आयोजित मप्र राज्य स्तरीय पारंपरिक लाठी खेल प्रतियोगिता में भी शानदार प्रदर्शन कर दो स्वर्ण पदक जीत चुकी हैं। उनकी इस उपलब्धि परकोच ओर मार्गदर्शक अगमदीप, पिता आशीर्वाद मिश्रा, चाचा अनुरोध मिश्रा, दादा रामचरित्र मिश्रा, रामलखन मिश्रा, अवनीश मिश्रा, विनोद पाण्डेय, प्रदीप मिश्रा, विवेक पाण्डेय परिषद् अध्यक्ष गीता गुप्ता, राजेश मिश्रा विद्याधर मिश्र पवन चीनी अभिषेक गुप्ता सहित परिवारजनों और नगरवासियों ने हर्ष और गर्व व्यक्त किया।

### रपटे ने ले ली बाइक सवार की जान



**अनूपपुर।** जिले के बिजुरी थाना क्षेत्र में सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक की पहचान राम प्रसाद के रूप में हुई है। यह घटना बुधवार रात को हुई। जानकारी के अनुसार राम प्रसाद अपनी मोटरसाइकिल से जा रहे थे। बिजुरी में स्थित एक रपटे से उनकी गाड़ी बेकाबू होकर गिर गई, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने तत्काल पुलिस और एंबुलेंस को सूचना दी। हालांकि अस्पताल ले जाते समय राम प्रसाद ने दम तोड़ दिया। सूचना मिलते ही बिजुरी थाना प्रभारी विकास सिंह अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है और मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### चरम पर अनूपपुर कांग्रेस में गुटबाजी

**अनूपपुर।** कांग्रेस कमेटी अनूपपुर में एक बार फिर संगठनात्मक हलचल देखने को मिली है। मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी पिछड़ा वर्ग विभाग के जिला अध्यक्ष रजन कुमार राठौर ने अपने पद से स्वेच्छा से त्यागपत्र दे दिया है। राठौर ने 16 अक्टूबर को जारी पत्र में लिखा है कि वे अब संगठन में किसी पद पर न रहकर, एक साधारण सदस्य के रूप में पार्टी के मार्गदर्शन अनुसार सहयोग करते रहेंगे। जानकारी के अनुसार, राठौर ने अपने त्यागपत्र से सिर्फ एक दिन पहले, यानी 15 अक्टूबर 2025 को, कांग्रेस जिला अध्यक्ष श्याम कुमार "गुड्डू" चौहान को "वोट चोर गद्दी छोड़" राष्ट्रव्यापी हस्ताक्षर अभियान के तहत 3000 लोगों के हस्ताक्षर वाला पत्र सौंपा था। यह पत्र राठौर के व्यक्तिगत लेटर पैड पर जारी किया गया था, जिसमें हस्ताक्षरकर्ताओं के नाम, पते और हस्ताक्षर संख्या का स्पष्ट उल्लेख किया गया था। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि यह इस्तीफा कांग्रेस संगठन में चल रही आंतरिक गुटबाजी और मतभेदों का परिणाम हो सकता है। राठौर का त्यागपत्र ऐसे समय में आया है जब पार्टी जिले में आगामी संगठनात्मक गतिविधियों को लेकर सक्रिय दिख रही थी। सूत्रों के अनुसार, राठौर लंबे समय से संगठन के कुछ निर्णयों से असहमति जता रहे थे, हालांकि उन्होंने अपने पत्र में किसी भी व्यक्ति या मुद्दे का प्रत्यक्ष उल्लेख नहीं किया है। इस घटनाक्रम के बाद अनूपपुर कांग्रेस कमेटी में चर्चाओं का दौर तेज है कि क्या यह त्यागपत्र आने वाले दिनों में जिले की संगठनात्मक राजनीति पर असर डालेगा।

## रोशनी के त्यौहार के पहले जगमग हुआ जिला

# मिट्टी के दीयों और मूर्तियों पर लोगों के रूझान से परंपरागत व्यवसाय में आई नई जान

अनूपपुर/कोतमा।

दीपावली नजदीक आते ही नगर सहित कोयलांचल एवं ग्रामीण क्षेत्र का माहौल पूरी तरह त्यौहारी रंग में रंग गया है। मिट्टी के दीयों और लक्ष्मी-गणेश की मूर्तियों की मांग में जबरदस्त बढ़ोतरी देखी जा रही है। पारंपरिक कला और हस्तशिल्प को जीवित रखने वाले कुम्हार परिवार इन दिनों लगातार मेहनत कर रहे हैं। अनुमान है कि इस बार अधिक मिट्टी के दीयों की बिक्री हो सकती है। दीपावली की बढ़ती मांग को देखते हुए कुम्हार परिवार दिन-रात कार्य में जुटे हैं। पहले जहां पारंपरिक हाथ के चाक का प्रयोग होता था, अब उसकी जगह इलेक्ट्रिक चाक ने ले ली है। इससे न केवल उत्पादन की गति बढ़ी है, बल्कि दीयों और मूर्तियों की गुणवत्ता भी सुधरी है। नगर के वार्ड क्रमांक एक निवासी कुम्हार नागेन्द्र प्रजापति बताते हैं कि पिछले कुछ वर्षों में लोगों की मिट्टी के दीयों और मूर्तियों की ओर वापसी से इस परंपरागत व्यवसाय में नई जान आई है।

### लागत के अनुसार कीमत नहीं मिलने से निराशा

दीपावली का पर्व नजदीक आते ही बाजार सजने लगा है. घरों में रौनक लौटने लगी है. लेकिन इस रौशनी के पर्व के पीछे एक ऐसा समुदाय भी है, जो इस उजाले को बनाने में जुटा है. पर खुद अंधेरे में घिरा हुआ है. कुम्हार समुदाय हर साल की तरह इस बार भी कुम्हारों ने दीपावली के लिए मिट्टी के दीयों का निर्माण शुरू कर दिया जो अद्भुत कारीगरों में निपुण हुनर को दिखाते हुए दिन-रात मेहनत कर सैकड़ों-हज़ारों दीये का निर्माण कार्य में जुटे हुए हैं. लेकिन बढ़ती महंगाई, कच्चे माल की लागत और मशीन से बने सस्ते दीयों व इलैक्ट्रोनिक से भरमार दीपों के निर्माण व उसकी बढ़ती मांग की मार के चलते उनकी मेहनत का उचित मूल्य नहीं मिल पा रहा है।



### कुम्हारों की पीड़ा

स्थानीय कुम्हार नागेन्द्र कहते हैं, मिट्टी, पानी, लकड़ी, रंग और मेहनत सब कुछ महंगा हो गया है। एक दीया बनाने में अब पहले से दोगुनी लागत लगती है, लेकिन ग्राहक वही पुराने दाम पर लेना चाहते है। बाजार में चाइनीज़ और प्लास्टिक के दीयों ने हमें और भी पीछे कर दिया है। कई कुम्हार परिवारों ने बताया कि इस परंपरागत पेशे से उनका गुज़ारा मुश्किल हो गया है. त्योहार के सीज़न में उम्मीद की जाती है कि कमाई होगी. लेकिन घाटे का डर उन्हें साल भर सताता है। कुम्हार समुदाय को लेकर सरकार की योजनाएं कागज़ों तक सीमित नजर आ रही हैं. प्रशिक्षण, मशीनरी, लोन या बाज़ार उपलब्धता जैसी योजनाओं का लाभ ज़्यादातर कुम्हारों तक नहीं पहुंच पा रहा है।

### स्थानीय कुम्हार समुदाय की मांग

दीपों के कारीगर व नगर के कुम्हार समुदाय की मांग है कि विगत कई वर्षों से एक रूपए की दर से एक दीप की मजबूरन बिक्री करने पर मजबूर हैं. लागत के साथ मेहनत के अनुसार दीपों की दामो में बढ़ोतरी नहीं हो पा रही है. कम से कम 100 दीपों की कीमत 150 रूपए होनी चाहिए थी. जिससे महंगाई के दौर में आर्थिक स्थिति की मार झेलनी पड़ रही है। साथ ही मांग की है की मिट्टी के दीपों के निर्माण में काफी समय के साथ अधिक मेहनत करनी पड़ती है. जिसके समाधान के लिए सरकार मिट्टी के दीयों को प्रोत्साहित करें. स्कूलों और सरकारी संस्थानों में मिट्टी के दीयों की खरीद स्थानीय कुम्हारों से की जाय. इस कला को संरक्षित करने के लिए विशेष योजनाएं बनाई जायें. इलेक्ट्रॉनिक चायनिज दीपों की ब्रिकी पर रोक लगायी जाय।

### प्रतिदिन बना रहे चार हजार दिये

कोतमा नगर के वार्ड क्रमांक एक निवासी नागेन्द्र प्रजापति बताते हैं कि वह एक माह से दीपावली त्यौहार की तैयारी मे परिवार के साथ दिन रात मेहनत कर प्रतिदिन चार हजार दिये बना रहे हैं। स्थानीय कुम्हारों ने बताया कि दियों के निमार्ण के लिए चिकनी मिट्टी का उपयोग किया जाता है जिसके लिए वे लोग दस किलोमीटर दूर केवई नदी के किनारे जाकर मिट्टी लाते हैं और उसके बाद उस मिट्टी से कंकड पत्थर निकलते हैं फिर मिट्टी को क्यारी बनाकर पानी मे गीला करते है जिससे मिट्टी पूरी तरह साफ हो जाये और उसके बाद मिट्टी जब सूख जाती है तब दिये बनाने का काम शुरू करते हैं। दिये बनाने के बाद स्थानीय स्तर पर लकड़ी खरीद कर लाते हैं और कच्चे दिये को लकड़ी का भट्ठा बनाकर पकाते हैं जब दिये अच्छी तरह पककर लाला हो जाते हैं तब उसे बाहर निकाल कर इक्ट्ठा कर बाजार में बिक्री के लिए ले जाते हैं।

# वेंकटनगर पुलिस ने 2 ट्रेक्टर ट्राली किया जप्त



हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।

15 अक्टूबर को मुखबिर से सूचना पर दो अलग-अलग ट्रेक्टर के ट्राली में अवैध रेत उत्खन्न परिवहन करने वाला है कि सूचना पर स्वतंत्र साक्षीयों को मुखबिर की सूचना से अवगत कराते हुये मुखविर के बताये स्थान जलान नदी के आमा घाट से गांव खैरीटोला तरफ आने वाले रास्ते पर गया तो एक लाल रंग के मैसी कपंनी का ट्रेक्टर बिना नम्बर लिखा लाल रंग की ट्राली लगाये ट्राली में आधी ट्राली 1.5 घन मीटर रेत खनिज भरे आते दिखा जिसे रुकवाकर पूछतांछ की गई तो ट्रेक्टर चालक द्वारा अपना नाम गयाशंकर यादव पिता भैयालाल यादव उम्र 40 वर्ष निवासी खैरीटोला पु.स. के वेंकटनगर भाना जैतहरी बताया एवं स्वंय को गाड़ी का ड्राईवर होना बताया कि मेरे पास ट्रेक्टर ट्राली में लोड़ रेत खनिज कर कोई कागजात टी.पी. नही. है ट्रेक्टर का मालिक पुष्पराज सिंह उर्फ अंकुश है। मैं मालिक के कहने पर ट्रेक्टर ट्राली में रेत भर कर वेंकटनगर ले जा रहा था। आरोपी ट्रेक्टर चालक एवं मालिक उपरोक्त को अवैध रेत खनिज उत्खन्न परिवहन में संलिप्त पाये जाने से आरोपी ट्रेक्टर चालक के कब्जे से ट्रेक्टर ट्राली में लोड अवैध रेत 1.5 घन मीटर कीमती 2000-रूपये ट्रेक्टर मय ट्राली कीमती 50000 रूपये कुल 502000 रूपये का मौके पर जप्त किया गया एवं अलान नदी के आमा घाट पर एक ट्रेक्टर ट्राली कुल मशरूका 402000 रूपये का मौके पर जप्त किया गया। आरोपीयो उपरोक्त दोनो चालको व बाइन स्वामीयों के विरूद्ध जपराध धारा 303(2), 317 (5) बीएनएस एवं 4/21 खान एवं खनिज विकास अधिनियम 1957 के तहत पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

# छिंदवाड़ा की हृदय विदारक घटना पर कठोर कार्रवाई और औषधि तंत्र में सुधार की माँग

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।



छिंदवाड़ा ज़लिे में ज़हरीली खांसी की दवा के सेवन से लगभग 20 मासूम बच्चों की दर्दनाक मौत ने पूरे प्रदेश को झकझोर कर रख दिया है। जांच में इस दवा में एक विषैले तत्व की पुष्टि हुई है, जो केवल चिकित्सकीय चूक नहीं बल्कि प्रशासनिक लापरवाही और औषधि नियंत्रण प्रणाली की घोर विफलता का प्रतीक है। इसी गंभीर विषय को लेकर गुरूवार को अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत, महाकौशल प्रांत द्वारा प्रांत संगठन मंत्री अजय मिश्रा के नेतृत्व में मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन अपर कलेक्टर दिलीप पाण्डेय (अनूपपुर) को सौंपा गया। ज्ञापन मे मांग की गई कि दोषियों के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता, 2023 की धारा 101 एवं 105 (पूर्व में आईपीसी 302/304) के अंतर्गत कठोर आपराधिक कार्यवाही की जाए। घटना की सीबीआई या एसआईटी से निष्पक्ष जाँच सुनिश्चित की जाए। पीड़ति परिवारों को 25 लाख का मुआवज़ा एवं प्रभावित बच्चों को निःशुल्क चिकित्सा व पोषण सहायता दी जाए। राज्यभर में औषधि नियंत्रण प्रणाली का पुनर्गठन एवं डिजिटल निगरानी व्यवस्था लागू की जाए। प्रत्येक ज़लिे में स्वतंत्र औषधि परीक्षण प्रयोगशाला की स्थापना की जाए। औषधि गुणवत्ता रिपोर्टों को ऑनलाइन प्रकाशित करना अनिवार्य किया जाए। ज्ञापन के दौरान प्रांत संगठन मंत्री अजय मिश्रा, जिलाध्यक्ष रवि प्रकाश शुक्ला, विजय रैदास, विमल पाण्डेय, अमन तिवारी एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस अवसर पर पंचायत के पदाधिकारियों ने कहा कि यह त्रासदी एक चेतावनी है, अब समय है कि राज्य सरकार औषधि व्यवस्था में ठोस, पारदर्शी और मानवीय सुधार लागू करे। अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत ने अनूपपुर जिला प्रशासन से भी अपील की कि ऐसे संवेदनशील विषयों पर सजगता और सतत निगरानी सुनिश्चित की जाए ताकि भविष्य में ऐसी कोई घटना दोहराई न जा सके।

# अमगवां मे चल रहे अंतरराज्यीय फुटबॉल टूनर्मिंट का आज होगा समापन

## अलग-अलग राज्यों के अलावा नाइजीरियन खिलाड़ी ने भी दिखाया हुनर





हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।

जगत गुरु मौली सरकार अंतरराज्यीय फुटबॉल टूर्नामेंट अमगवां पुष्पराजगढ़ अनूपपुर में चल रहे फुटबॉल प्रतियोगिता की लोकप्रियता दिनों दिन बढ़ रही है। दअरसल मावली सरकार ने इसका नाम गांव जोड़ो अभियान दिया है। नर्मदा अंचल वीर युवा संगठन एवं अनूपपुर जिला भाजपा अध्यक्ष हीरा सिंह श्याम मित्र मंडली के नेतृत्व में आयोजित पुष्पराजगढ़ में जगत गुरु मौली सरकार अंतरराज्यीय फुटबॉल टूर्नामेंट 2025 अमगवां ग्राम जोड़ो अभियान का रोमांच जारी है, जिसमें देश के कोने-कोने से प्रतिभाशाली फुटबॉल खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं। 3 अक्टूबर से जारी टूर्नामेंट का आज समापन हो जायेगा। पिछले 3 अक्टूबर से 17 अक्टूबर तक आयोजित इस टूर्नामेंट में मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, ओडिशा, महाराष्ट्र, दिल्ली और अन्य राज्यों की टीमें शामिल हुई। जिसमें विजेता टीम को 51,000 रुपये और उपविजेता टीम को 25,000 रुपये की नगद राशि भी प्रदान की जाएगी।

### टूर्नामेंट की कुछ झलकियां

जगत गुरु मौली सरकार अंतरराज्यीय फुटबॉल टूर्नामेंट में लड़कों के साथ-साथ लड़कियां भी पीछे नहीं हैं। 60 अंडर-15 लड़कियों के मैच अमगवां ने भेजरी को हराकर जीत हासिल की। दमहेड़ी और जूनियर झरही के बीच मुकाबला रोमांचक रहा पूरे खेल में दोनों टीमें बराबरी पर डटी रही, लेकिन आखिरकार पेनाल्टी में धमेड़ी ने जीत हासिल की एक अन्य मैच में खेल का जोश देखने लायक था 2018, 2023 और 2024 की चैंपियन टीम कोरबा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए बालाघाट को 6 गोल से हराया, वहीं इंदौर ने ज़बरदस्त मुकाबले में मुंबई को पेनाल्टी में मात दी। इस टूर्नामेंट में बिहार बनाम अमरपाटन व मैहर का जबरदस्त मुकाबला पहले हाफ में बिहार 2 पॉइंट से आगे थी लग रहा था मैच उन्हीं का होगा, लेकिन अंत में अमरपाटन ने मैदान पलट दिया।

# इस बार 6 दिनों का होगा दीपावली का त्योहार

हरिभूमि न्यूज कोतमा।

पांच दिवसीय दीपोत्सव पर्व को दिवाली या दीपावली भी कहा जाता है। इस पर्व में धनतेरस, नरक चतुर्दशी छोटी दिवाली, दिवाली लक्ष्मी पूजा, गोवर्धन पूजा और भाई दूज शामिल हैं। यह पर्व कार्तिक महीने के कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी से शुरू होता है और शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि तक मनाया जाता है। यह प्रकाश और समृद्धि का प्रतीक है, जो बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतिनिधित्व करता है। इस उत्सव में हर दिन का अपना विशेष महत्व और अनुष्ठान होता है। पंचायती मंदिर के पुजारी पंडित कुंज बिहारी मिश्रा ने बताया कि दिपावली का पर्व 20 अक्टूबर दिन सोमवार को मनाया जाएगा। उन्होंने ने बताया कि इस बार 6 दिनों का दीपावली का त्योहार होगा। पांच दिवसीय प्रकाश का पर्व कुछ ही दिनों में शुरू होने वाला है. पूरे 5 दिनों तक चलने वाले इस उत्सव में धनतेरस, नरक चतुर्दशी, दिवाली, गोवर्धन पूजा और भाई दूज जैसे त्योहार शामिल होते हैं, लेकिन इस बार दीपोत्सव 5 नहीं, बल्कि 6 दिनों का होने वाला है।

### कब से है पांच दिवसीय दीपोत्सव पर्व

पंडित कुंज बिहारी मिश्रा ने बताया कि पांच दिवसीय प्रकाश पर्व की शुरुआत धनतेरस के साथ होती है और भाई दूज पर इसका समापन होता है। पांच दिनों तक मनाया जाने वाला यह त्योहार इस बार 6 दिनों का होने वाला है। इस साल पंच दीपोत्सव की शुरुआत 18 अक्टूबर से हो रही है, जिसका समापन 23 अक्टूबर को होगा। इस तरह से दीपोत्सव 5 नहीं, बल्कि 6 दिनों तक मनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि मंगलवार को पंचायती मंदिर में गोवर्धन पूजा बड़े ही धूमधाम से मनाया जाएगा एवं भगवान को 56 प्रकार का भोग लगाते हुए अन्नकूट का प्रसाद वितरण किया जाएगा। जहां नगर में लोग दीपावली त्यौहार की तैयारी में जुटे हुए हैं वही नगर में माता काली की प्रतिमा स्थापित करने के लिए समिति के द्वारा पंडाल तैयार करने की तैयारी मे लगे हुए हैं।







